THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): (a) and (b). Govt. have not recently ordered the prosecuting agencies in the Central Bureau of Investigation to withdraw any case from the courts. However, in two cases, where chargesheets had been filed by the Government of Haryana against Shri Bansi Lal, Shri Surinder Singh and others, relating to (i) demolition of the property of Shri Manohar Lal at Bhiwani and (ii) acquisition of plots by Shri Bansi Lal in the names of his daughters, which had subsequently been withdrawn by the State Govt. Prosecutor, criminal revision petitions had been filed in Nov., 1979 on behalf of the Central Government gainst the order of the trial courts allowing the withdrawal of these two prosecutions. Subsequently, applications for withdrawal of the aforesaid two criminal revision petitions were made to the High Court of Punjab and Haryana by the Central Government Standing Counsel on the instructions of the Central Government on the 15th Jan., 1980. The High Court of Haryana and Punjab has since dismissed as withdrawn, the two criminal revision petitions in question.

**राजस्थान के जिला पाली के गांव बिनजोवा में एक परिवार की हत्या**

1014. श्री मूल चन्द डागा : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि राजस्थान के जिला पाली के गांव बिनजोवा में 2 जनवरी, 1980 को 6 सदस्यीय सीरवी परिवार की हत्या कर दी गई थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने मुख्य दोषी, श्री नारायण सिंह चारण को, जो फरार थे, गिरफ्तार कर लिया है और यदि नहीं तो सरकार द्वारा उसको तत्काल गिरफ्तार करने के लिए क्या कार्यवाई की जा रही है ; और

(ग) क्या मुख्य दोषी को भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस स्टेशन रानी (जिला पाली) का संरक्षण प्राप्त है और फिर भी इन अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है और यदि हां, तो इस मामले को तत्काल निपटाने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाई की जानी है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना): (क) जी हां, श्रीमान। (ख) और (ग) : अपेक्षित सूचना राजस्थान सरकार से एकत्र की जा रही है और प्राप्त होने पर एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया जायगा ।

**Study Committee on Aligarh and Jamshedpur Disturbances**

1015. SHRI ZAINUL BASHER: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Study Committees sent by the political parties and correspondents of most of the Newspapers found that RSS was behind the last year's communal disturbances at Aligarh and Jamshedpur; and

(b) whether in view of this and in view of the past experiences, Government propose to ban R.S.S.?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) Some Study committees sent by political parties to study the situation in Aligarh after the communal riots of October-November, 1978 had blamed the RSSS for the communal riots.

Government have not received any report of the study committees sent by political parties to Jamshedpur but have seen press reports where the RSSS was held responsible by them for the communal riot in April, 1979.

Government have seen accounts of the Aligarh and Jamshedpur riots by various local and special correspondents of some of the newspapers and periodicals where RSSS has been blamed for these riots.

(b) Commissions of Inquiry have been appointed by Govts. of U.P. and Bihar respectively to inquire into the communal disturbances in Aligarh and Jamshedpur. The Govt. would like to await the findings of these two Commissions of Inquiry in the matter There is no proposal at present under Government's consideration for banning the RSS.

**दिल्ली क्लाथ मिल्स के अन्तर्गत कार्यरत उद्योग**

1016. **श्री निहाल सिंह** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली क्लाथ एण्ड जनरल मिल्स कम्पनी लि० के अधीन कार्य कर रहे उद्योगों की संख्या कितनी है तथा वे कहां स्थित हैं तथा उनका उद्योगवार ब्यौरा क्या है ; और

(ख) उनमें से प्रत्येक उद्योग द्वारा किन किन उत्पादों का उत्पादन किया जा रहा है तथा कितनी कितनी पूंजी लगाई है तथा उनमें कितने कर्मचारी कायरत हैं ?

**उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चरनजीत चानना)**: (क) और (ख) कम्पनी कार्य विभाग को प्राप्त सूचना के अनुसार दिल्ली क्लाथ एण्ड जनरल मिल्स कम्पनी लिमिटेड के नियंत्रणाधीन 14 एककों के नाम, स्थापना स्थल तथा उत्पाद के ब्यौरे दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है। एकक वार पूंजीगत निवेश तथा रोजगार सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध नहीं है। कम्पनी कार्य विभाग के अनुसार 30 जून, 1979 को समाप्त होने वाले वर्ष में दिल्ली क्लाथ एण्ड जनरल मिल्स कम्पनी लि० की कुल मिलाकर परिसम्पत्तियों 149.26 करोड़ रु० है।

**विवरण**

दिल्ली क्लाथ एण्ड जनरल मिल्स क० लिमिटेड के स्वामित्व वाले एककों के ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण —

| क्र०सं० | एकक का नाम | स्थापना स्थल | उत्पाद |
|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली क्लाथ मिल्स | दिल्ली | सूती कपड़े |
| 2. | दौराला सुगर वर्कस | दौराला | शुगर अल्कोहल शराब |
| 3 | डी०सी०एम० कैमिकल वर्कस | नई दिल्ली | औद्योगिक रसायन, सुपर फास्फेट वनस्पति, खाने का तेल ब्लीचिंग पाउडर |
| 4 | स्वतन्त्र भारत मिल्स | दिल्ली | तौलिए, सूती कपड़े |
| 5. | मवाना शुगर वर्कस | मवाना | चीनी |
| 6. | हिसार टेक्सटाइल मिल्स | हिसार | सूती तथा मिश्रित धागा, सिलाई के धागे |
| 7. | डी० सी० एम० सिल्क मिल्स | नई दिल्ली | मशलिम्ट तथा मिश्रित सूटिंग तथा शर्टिंग |
| 8 | डी० सी० एम० गिनिंग फैक्ट्री | हिसार | डी०सी०एम० सिल्क मिल्स के कैप्टिक एकक |
| 9. | डी० सी०एम० गिनिंग फैक्ट्री | मलौत | |
| 10. | श्रीराम रेयन्स | कोटा | रेयन टायर कोर्ड |
| 11 | श्रीराम कैमिकल इन्डस्ट्रीस | कोटा | यूरिया, कास्टिक सोडा पी० वी० सी० रेजिने एवं मिश्रण |
| 12. | डी० सी० एम० डाटा प्रोडक्टस | नई दिल्ली | इलैक्ट्रिक डाटा प्रोसेसिंग एण्ड बिजनेस मशीनें |
| 13. | हिण्डन रीवर मिल्स | डासना | मिश्रित तथा सुपर फाइन सूती कपड़े |
| 14. | डी० सी० एम० इंजीनियरिंग प्रोडक्टस | सरान, रोपड़ | एलाय एण्ड ग्रे आयरन कास्टिंग |